Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to find out a solution for annual floods in Bihar caused by rivers originating in Nepal - Laid.

**श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा):** मैं सदन में एक अति महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूं, जो सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लोगों की चित-परिचित मांग है । मिथिला क्षेत्र के लोग प्रतिवर्ष पड़ोसी देश नेपाल से छोड़े जाने वाले पानी के कारण बाढ़ की भीषण त्रासदी का सामना करने पर मजबूर होते हैं । इस भीषण बाढ़ से प्रतिवर्ष सैंकड़ों लोगों की जानें जाती हैं, हजारों लोग बेघर होते हैं, ऊंचे स्थानों पर विस्थापित जीवन जीने को मजबूर होते हैं तथा लाखों एकड़ की फसल बर्बाद होती है । मवेशी बर्बाद होते हैं । सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं । पूर्व की सरकार द्वारा इस समस्या के लिए कुछ भी ठोस उपाय नहीं किया गया । सन 1953-54 में कोसी पर हाई डैम बनाने एवं कोसी परियोजनाओं की शुरूआत की गई । अरबों रूपया खर्च होने के बावजूद एवं 66 वर्ष बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं ।

भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री लोकप्रिय जनप्रिय विकास पुरूष आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के प्रति मिथिला क्षेत्र के करोड़ों लोगों की आशा एवं अपेक्षा है । बाढ़ की समस्या के स्थाई निदान की दिशा में भारत सरकार नेपाल सरकार से बात कर, बाजपेई जी का नदी जोड़ो योजना पर पहल कर, बाढ़ का स्थाई निदान कराया जाये ताकि मिथिला क्षेत्र का कल्याण हो सके ।

नोट- आजादी से अब तक बाढ़ मद में की गई खर्चा की भी जाँच हो, संपूर्ण बिहार का और उसका एक प्रति मुझे भी उपलब्ध कराया जाए ।